तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, बुधवार 12 मार्च 2025

13 नई किरण कलस्टर संगठन ने महिला...



14 सावित्री बाई फुले की पुण्यतिथि के साथ ...





# अशांति फैलाने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई : एसडीओपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

होली पर्व के पूर्व थाना पलारी में कानून व्यवस्था कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए शांती समिति की बैठक आयोजित की गई बैठक में नगर के जनप्रतिनिधी, पुलिस, प्रशासनिक अधिकारी, सरपंच, कोटवार सहित बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए। बैठक होली पर्व को सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाने तथा शांति भंग न हो इसके लिए 16 बिंदुओं पर चर्चा हुई। बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू ने कहा कि यह पर्व आपसी सौहाद्र भाईचारा का पर्व है हम सब मिल कर पारंपरिक, धार्मिक, संस्कृति सभ्यता को बचा कर शांति से पर्व मनाने की अपील किया। एसडीओपी निधि नाग ने शासन के गाइडलाइन को बताते हुए कहा कि सभी जनप्रतिनिधि, कोटवार अपने अपने गांवों में बैठक कर लोगों को जागरूक करे उन्हें बताए होली पर्व में अशांति फैलाने वाले के ऊपर कार्यवाही करने नई कानून के तहत कठोर सजा का प्रावधान है उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों को कोई घटना होने पर तुरंत जानकारी देने हेल्फ लाइन नंबर भी जारी किया है।

■ शांति समिति की बैठक में होली पर्व को सद्भावना से मनाने पर हुई चर्चा

तहसीलदार लिलाधर कंवर ने कहा कि होलिका दहन बिजली तार के नीचे न ▸▸ शेष पेज 11 पर

## होलिका दहन बिजली तार के नीचे न करें, जबरदस्ती रंग लगाने व कीचड़ का उपयोग करने से बचें



### सौहाद्रपूर्ण होली मनाएं

नगर पंचायत उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा ने सभी को होली पर्व की बधाई देते हुए सौहाद्रपूर्ण होली मनाने अपील किया।इस अवसर पर पार्षद लेखु वर्मा, नारायण धीवर, लुकेश्वरी पुनित निषाद, डोमार वर्मा, रवि ध्रुव, पार्षद प्रतिनिधि घनश्याम धिरहे, नायाब तहसीलदार चुम्मन लाल ध्रुव, रज्जाक खान, यमलोक साहू, हेमकुमार साहू, टोमन साहू, हर्षू वर्मा, सरपंच सनकुमार साहू, दयाल महेश्वर, भोला जोशी, तिलक भारद्वाज, गुलशन रजक, गजपति यादव, सहित भारी संख्या में जनप्रतिनिधि व कोटवार उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा 30 मार्च को

**बलौदाबाजार।** पंडित जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजनांतर्गत वर्ष 2025-26 में कक्षा 6वीं के लिए लिखित चयन प्रवेश परीक्षा 30 मार्च को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक पं. गणेश शंकरकर बाजपेयी हाई स्कूल गांधी चौक बलौदाबाजार में लिखित परीक्षा आयोजित की गई है। अधिक जानकारी के लिए संबंधित विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं।

### 86 उपभोक्ताओं की बिजली काटी

**महासमुंद।** जिले में बिजली वितरण कंपनी लंबित बिजली बिल बकायादार उपभोक्ताओं पर लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में सोमवार को अधीक्षण अभियंता वी बीएस कंवर के निर्देशन में टीम गठित कर राजस्व वसूली के लिए खट्टी वितरण केंद्र अंतर्गत बिजली बिल के लिए लंबित बकाया राशि वाले उपभोक्ताओं का सामूहिक रूप से लाइन विच्छेदन किया गया है। इस दौरान खट्टी वितरण केंद्र के 35 लाख 78 हजार 179 रुपए बकाया वाले 86 उपभोक्ताओं की बिजली लाइन काटी गई। कुल 16 उपभोक्ताओं से 3 लाख 617 रुपए प्राप्त हुआ है। राजस्व वसूली की कार्रवाई निरंतर आगे भी जारी रहेगी। लाइन विच्छेदित उपभोक्ताओं द्वारा यदि अनधिकृत लाइन जोड़ी जाती है तो विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 138 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

### शराबी पुत्र ने की पिता से मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** बसना थाना अंतर्गत ग्राम जाड़ामुड़ा में एक शराबी बेटे ने शराब के नशे में अपने पिता से गाली-गलौज कर मारपीट की। मामले की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। ग्राम जाड़ामुड़ा निवासी कपूरचंद प्रधान ने बताया कि तीन भाइयों में वह सबसे छोटा है, उसके दो बड़े भाई संकीर्तन प्रधान व कीर्तन प्रधान है। 7 मार्च की रात में खाना खाकर अपने कमरा में सो रहा था, तभी रात 10 बजे झगड़ा विवाद होने की आवाज आने पर कपूरचंद प्रधान उठा बाहर निकल कर देखा तो उसके बड़े भाई कीर्तन प्रधान के घर से आवाज आ रही थी, जहां जाकर देखा तो उसके बड़े भाई संकीर्तन प्रधान का लड़का हेमराज प्रधान शराब के नशे में कीर्तन प्रधान के घर आया हुआ था व कीर्तन प्रधान के घर वालों व अपने पिता संकीर्तन प्रधान के साथ गाली-गलौज कर विवाद कर रहा था, कपूरचंद के मना करने पर, उसे तुम कौन होते हो मुझे रोकने वाला कहकर मां-बहन की गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए मोबाइल से फेंक कर मारा, जिससे कपूरचंद के सिर पर चोट आई है।

### बरोंडा चौक दुर्गा मंदिर में फागुन के रंग माता के संग का आयोजन कल

**महासमुंद।** स्थानीय बरोंडा चौक स्थित मां भवानी दुर्गा मंदिर में 13 मार्च की शाम 5 बजे से फागुन के रंग माता के संग फाग महोत्सव का आयोजन किया गया है। जिसमें लुप्त हो रही पारंपरिक फाग का गायन शाम 5 बजे नगाड़ों के थाप पर होगा। साथ ही अबीर गुलाल फूलों से होली उत्सव मनाया जाएगा। रात्रि 8 बजे महाकाल मुक्तिधाम समिति द्वारा माता की आरती के अलावा माता रानी की आकर्षक झांकी प्रस्तुति होगी। जिसमें उपस्थितजन मातारानी के फूलों से होली खेलेंगे। जानकारी देते हुए मंदिर के राजेश लूनिय, संजय शर्मा ने बताया कि आयोजन को लेकर नगर पुराहित पं. पंकज तिवारी के सानिध्य में बैठक हुई। जिसमें नगर के प्रबुद्धजन राजेश्वर खरे, हेमंत द्विवेदी, मनीष शर्मा, भाऊराम साहू, भरत ठाकुर, बाबूलाल साहू, अग्रज शर्मा, मूलचंद लड्ढा, दिलीप जैन, श्रवण चंद्राकर, संतोष शुक्ला, रामनिवास चंद्राकर, नंदकुमार साहू, विक्रम सिंह ठाकुर आदि मौजूद रहे।

## आक्रोश : पूर्व सीएम बघेल पर कार्रवाई का विरोध: जमकर की नारेबाजी

# जिले में भाजपा और ईडी के खिलाफ कांग्रेसियों ने किया फूंका पुतला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के घर ईडी प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई किये जाने के विरोध में बलौदाबाजार के गार्डन चौक में जिला कांग्रेस अध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने भाजपा सरकार और ईडी के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए पुतला दहन किया। जिला अध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर ने ईडी को भाजपा की राजनीतिक साजिश बताते हुए कहा कि विधानसभा में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जिस तरीके से भाजपा सरकार को घेरने का प्रयास किया उससे भाजपा में घबराहट है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि सीडी मामले में कोर्ट से बरी होने के कारण भाजपा का षड़यंत्र बेनकाब पर भूपेश बघेल के घर ईडी को

## सत्य की जीत होगी और भाजपा मुंह की खाएगी: विपक्ष



### बघेल से भाजपा का डर नया नहीं : हितेन्द्र ठाकुर

जब वे प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष थे,तब भी भाजपा की सरकार ने उनके पैतृक गांव में खेत को नापने के लिये भरी बरसात में राजस्व का पूरा दल भेजा था।उन्होंने कहा कि भूपेश बघेल को पंजाब का प्रभारी बनाये जाने से कांग्रेस का जो वातावरण बना है उससे भी भाजपा डरी हुई है। पूर्व जिलाध्यक्ष विद्याभूषण शुक्ला ने कहा कि ईडी की रेड भाजपा की प्रतिशोध की राजनीति है। जाँच एजेंसियों का गलत इस्तेमाल और विपक्ष पर दबाव बनाने में भाजपा माहिर है।लेकिन ये षड़यंत्र भी नाकाम होगा । सत्य की जीत होगी और भाजपा मुँह की खाएगी। पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश यदु ने भी ईडी की कार्रवाई को विपक्ष को डराने और दवाब की राजनीति करार दिया।

### ये कांग्रेसी रहे उपस्थित

पुतला दहन में शहर अध्यक्ष रुपेश ठाकुर, ब्लॉक ग्रामीण के अध्यक्ष विक्रम गिरी, पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश यदु, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा,परमेश्वर यदु, प्रभाकर मिश्रा,आर्यन शुक्ला,मनोज प्रजापति,विक्रम पटेल, लखेश साहू,दिगंबर साहू,निलेश बंजारे,सुभाष राव,सुखदेव साहू,अभिषेक पटेल,आयुष भतपहरी, सूर्यकांत वर्मा,देवेंद्र बंजारे,अविनाश मिश्रा,तिलक कन्नौजे, साधराम साहू,धर्मेन्द्र वर्मा, हेमचंद केशरवानी, ईश्वर कूर्रे,संजू वर्मा, किशोर सेन,राजा रजक, वरुण साय,भोला बांधे, सोनू ठाकुर, केशव कोसले, सोनू वर्मा,कुलेश्वर गेंडरे, अशोक रजक, रूपेन्द्र वर्मा सहित कांग्रेसी उपस्थित थे।

# पोस्ट ऑफिस के बैंक खाते से फिर 13 लाख हुए गायब

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुड़पार सरसीवां

सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के सरसीवां पोस्ट ऑफिस के खातों से रुपए गायब होने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। बीते माह खाता धारक एक छोटे दुकानदार जयंत अग्रवाल के खाते से 15 लाख रुपये गायब होने की खबर सामने आई थी।

■ पोस्ट ऑफिस के उपडाकपाल और कंप्यूटर ऑपरेटर की भूमिका है संदिग्ध

इसकी जानकारी मिलते ही खाताधारकों में हड़कंप मच गया और सभी खाताधारक अपने खाते की जांच करने पोस्ट ऑफिस आकर जांच की तो वाकई में 4 खाताधारको की खातों से 13 लाख रु फिर से गायब होने का मामला सामने आया हैं।

पोस्ट अफिस में कार्य करने



वाले पर उंगली उठ रही हैं। है जो ये गड़बड़ियां की है। खाताधारकों ने इस बारे में जब सम्बन्धित अधिकारी से बात की तो 10 मार्च सोमवार को रकम जमा हो जाने की बात की थी लेकिन राशि अभी तक जमा नहीं हुई है। इधर डाक अधिकारी ने पीड़ित खाताधारकों से क्लेम का आवेदन भराया है बताया जा रहा है जिनके भी रकम गायब हुए हैं उनके खातों में राशि जल्द जमा होने की बात कही।

### 4 खाताधारकों ने दर्ज कराई शिकायत

इस बीच 4 खाताधारकों ने थाना सरसीवां में अपने खातों से लाखों रुपये गायब होने की शिकायत दर्ज कराई है। इनमें लेनमती सोनवानी ग्राम जोरापाली 2 लाख 25 हजार 5 सौ, नेहा जांगड़े जैतपुर के खाते से 4 लाख 40 हजार बुधराम साहू सरसीवा निवासी 2 लाख 50 हजार रु ,पूर्णिमा पांडेय निवासी सरसीवां 6 लाख 36 हजार रु थे लेकिन जब उन्होंने बैलेंस चेक कराया तो सिर्फ 6 हजार 1 सौ 61 रु बचे थे।

## खिल उठे पलाश...



**खरोरा।** अंचल में बसंत के आगमन के साथ ही पलाश के फूलों ने अपनी लालिमा बिखेरनी शुरू कर दी है। हरियाली के बीच खिले ये फूल राहगीरों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं। होली के पर्व से पहले इन फूलों का विशेष महत्व बढ़ जाता है, क्योंकि गांवों में लोग इनसे हर्बल रंग तैयार करते हैं। पानी में भिगोकर उबाले गए पलाश के फूलों से प्राकृतिक रंग बनता है, जो त्वचा के लिए सुरक्षित होता है। औषधीय गुणों से भरपूर यह पेड़ कई बीमारियों के इलाज में भी कारगर साबित होता है। पलाश की यह सुर्ख आभा प्रकृति प्रेमियों के लिए किसी उपहार से कम नहीं।

### जिले में बढ़ रहे हैं अपराध

**महासमुंद।** जिले के खल्लारी विधानसभा के कांग्रेसी नेता अंकित बागबाहरा ने जिले में बढ़ रहे अपराध पर चिंता जाहिर करते हुए कहा है कि जिला पुलिस केवल अपनी उपलब्धि का बखान करने के आंकड़े मीडिया के सामने पेश कर रही है जबकि चोरी, लूट-पाट, छेड़छाड़, मारपीट आदि अपराधों के साथ जुआ सट्टा और अवैध शराब बिक्री पर लगाम नहीं लग पा रही है। उन्होनें कहा कि 2023 की अपेक्षा वर्ष 2024 में 63 फीसदी अपराध बढे हैं। कुल अपराधों की संख्या 2023 में जहां 332 थी वहीं 2024 में बढ़कर 539 हो गए हैं। प्रेसवार्ता में कहा कि जिले में अपराध बढ़ रहे हैं। खासकर चोरी के मामलों में पुलिस के हाथ चोरों तक नही पहुंच पा रहे है। जिले का ऐसा कोई क्षेत्र नही बचा जहां किसी भी प्रकार का नशा आसानी से उपलब्ध न हो। थानों के संरक्षण में नशे का सामान बेखौफ बेचा जा रहा है।

# 532 पेटी शराब जब्ती के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की अनुशंसा पर जिला दंडाधिकारी जिला बलौदाबाजार द्वारा धारा 3,5(ख) 2023 छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 के तहत आरोपी संतोष पांडे को जिलाबदर किया गया है। उक्त आदेश के तहत आरोपी को जिला बलौदाबाजार के साथ सीमावर्ती जिले बिलासपुर, रायपुर, महासमुंद, मुंगेली, जांजगीर, सक्ति, बेमेतरा, सारंगढ़–बिलाईगढ़ आदि जिले की सीमाओं से बाहर चले जाने का आदेश दिया गया है तथा आदेश में अनावेदक को न्यायालय की अनुमति के बिना जिले की सीमाओं में प्रवेश नहीं करने संबंधी आदेश का भी उल्लेख है। मंगलवार को जिलाबदर आरोपी संतोष पांडे को ग्राम कुकराचुंदा में चौंक के पास धारदार तलवार के साथ पकड़ कर हिरासत में लिया गया। आरोपी द्वारा जिला दंडाधिकारी बलौदाबाजार के जिलाबदर संबंधी आदेश का उल्लंघन किया गया है। आरोपी का कृत्य धारा 14,15 छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 एवं धारा 25,27 आर्म्स एक्ट का घटित पाया गया। उक्त मामले में भी आरोपी संतोष पांडे फरार था। उक्त दोनों मामलों में आरोपी संतोष पांडे उम्र 43 वर्ष निवासी ग्राम कुकराचुंदा को मंगलवार को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

■ ग्राम केसदा से बरामद की गई थी मप्र निर्मित 532 पेटी शराब



### सुनियोजित योजना बनाकर दी आकस्मिक दबिश

12 अक्अूबर 2024 को पुलिस टीम द्वारा सुनियोजित योजना बनाकर, ग्राम केसदा में मजबूत घेराबंदी कर एक फार्महाउस में आकस्मिक दबिश दिया गया। इस बीच पुलिस टीम द्वारा पूरे घर का बहुत ही सूक्ष्मतापूर्वक निरीक्षण किया गया, जिसमें फार्महाउस में 34,30,000 कीमत मूल्य का 504 पेटी अंग्रेजी गोवा शराब और 28 पेटी देसी मदिरा मसाला सहित कुल 532 पेटी शराब कुल 4788 बल्क लीटर शराब जप्त किया गया था। जप्त शराब मध्य प्रदेश राज्य निर्मित होना पाया गया है, जिसमें फॉर सेल इन मध्यप्रदेश लिखा हुआ था। मामले में आरोपियों के विरुद्ध थाना हथबंद में धारा 34(2),59(क), 36 आबकारी एक्ट एवं 111 बीएनएस का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया।

## कलेक्टर ने की विभागीय कार्यों की समीक्षा

# प्रकरणों का समयसीमा के अंदर निराकारण करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

मंगलवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभागार में समय सीमा की बैठक में कलेक्टर दीपक सोनी ने विभागीय काम काज की समीक्षा की। उन्होनें समय सीमा के तहत दर्ज प्रकरणों के निरकारण में तेजी लाने तथा ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में विकास कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिये। केंद्रीय सहित राज्य के महत्वाकांक्षी योजनाओं के क्रियान्वयन से संबंधित जानकारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए सर्वोच्च प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने प्रत्येक सोमवार को कार्यालय में उपस्थित रहने और लोगों की



समस्याओं का निराकरण करने कहा। वित विभाग के निर्देश के अनुसार निर्धारित समय -सीमा में वित्तीय वर्ष के देयकों का भुगतान सुनिश्चित करने, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी अंतर्गत निर्माणाधीन आवासो को 31 मार्च तक पूरा करने लक्ष्य निर्धारित करने के निर्देश दिये। इसीतरह नजुल नवीनीकरण के लिए अभियान चलाने, उपार्जन केंद्रों से धान उठाव में तेजी लाने कहा।

### कलेक्टर ने दिए आवश्यक निर्देश

कलेक्टर ने ई ऑफिस संचालन के लिए कार्यालय के अधिकारी -कर्मचारियों की जानकारी निर्धारित प्रारूप में शीघ्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को सभी आवेदन जो आम जनता के द्वारा मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर शिकायत शाखा,सीपी ग्राम्स, जन शिकायत, पीजीएन एवं लोक सेवा गारंटी आदि के माध्यम से प्राप्त हुए हैं उनका शीघ्र निराकरण करने कहा। बैठक में डीएफओ मयंक अग्रवाल, सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर दीप्ति गोते, अभिषेक गुप्ता, मिथलेश डोंडे सहित एसडीएम, तहसीलदार, जनपद सीईओ एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

### आपदा पीड़ित परिवार को 4 लाख की आर्थिक सहायता

**बलौदाबाजार।** कलेक्टर दीपक सोनी ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6–4 के तहत प्राकृतिक आपदा पीड़ित परिवार के लिए 4 लाख रुपये आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत किया है। उन्होंने मृतक के वैध वारिसान के बैंक खाते में उक्त राशि जमा कराने के निर्देश सम्बंधित आहरण एवं संवितरण अधिकारी को दिए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार पलारी तहसील अंतर्गत ग्राम कोदवा निवासी हेमंत वर्मा पिता तेजराम वर्मा की सर्पदंश से मृत्यु हो गई थी। राजस्व पुस्तक परिपत्र खंड 6–4 के प्रावधान के अनुसार मृतक के निकटतम वैध वारिसान पत्नी अंजू वर्मा पति स्व. हेमंत वर्मा को 4 लाख रुपये आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत किया गया है।

हरिभूमि
## पाठक सूचना
बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8224035555, 8370049468

# डीजे को लेकर भिड़ गए कुलसचिव और छात्र, होली के बीच पहुंची पुलिस, मचा बवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि में सोमवार दोपहर जमकर हंगामा हुआ। एबीवीपी द्वारा आयोजित होली मिलन के मध्य में डीजे बंद किए जाने के कारण विद्यार्थी होली खेलना छोड़कर धरने पर बैठ गए। जब डीजे पुनः चालू कराया गया, तब विद्यार्थी धरना छोड़कर पुनः रंग खेलने लगे। इन सबके बीच एनएसयूआई ने शैक्षणिक संस्थान में डीजे प्रयोग पर आपत्ति दर्ज कराई है।

सोमवार को विवि गार्डन में एबीवीपी द्वारा होली मिलन समारोह 'रंग तरंग' का आयोजन किया गया। इस दौरान तेज आवाज में डीजे भी चलाया गया। रविवि के प्रभारी कुलसचिव शैलेन्द्र पटेल ने साउंड सिस्टम बंद कराने के लिए लिखित में थाना प्रभारी को पत्र दिया। इसके बाद रविवि कैंपस में पुलिस आई और डीजे बंद करवाया। डीजे के बंद होते ही छात्र आक्रोशित हो गए। वे प्रशासनिक भवन के सामने धरने में बैठ गए। बहस और छात्रों के विरोध के बाद डीजे चालू करने की अनुमति मिल गई। घंटेभर चले विवाद के बाद मिलन समारोह पुनः शुरू हुआ।

**एबीवीपी द्वारा रखा गया था आयोजन, सोमवार दोपहर होता रहा हंगामा**



### बाहर के भी छात्र

मुख्य अतिथि एबीवीपी के प्रदेश मंत्री यज्ञदत्त वर्मा व महानगर मंत्री प्रथम फूटाने रहे। उन्होंने कहा, एबीवीपी आयोजनों के माध्यम से युवाओं को अपनी परंपराओं से जोड़ने का कार्य करता है। वहीं एनएसयूआई का कहना है, इस आयोजन में विवि अध्ययनशाला के अलावा दूसरे कॉलेज के छात्रों ने भी हिस्सा लिया। एबीवीपी के बाहरी कार्यकर्ता और पदाधिकारी भी इसमें शामिल हुए, जो नियम विरूद्ध है। इस तरह की अनुचित उपस्थिति सुरक्षा दृष्टि से भी गंभीर विषय है।

### पूर्व में की जा चुकी है शिकायत

उधर एनएसयूआई ने इस पर आपत्ति जताते हुए कहा, एबीवीपी का मिलन समारोह प्रशासनिक नियमों की अवहेलना है। हमने 7 मार्च को ही कुलपति को लिखित रूप से सूचना दी थी और विरोध दर्ज कराया था। विवि परिसर में किसी भी राजनीतिक संगठन द्वारा इस प्रकार के आयोजन प्रतिबंधित है। कुलपति ने इस पर आदेश जारी कर किसी भी छात्र संगठन को ऐसे आयोजन की अनुमति देने से इनकार किया था। बावजूद इसके, सत्ता पक्ष के दबाव में आकर विवि ने अपने आदेश में संशोधन कर एबीवीपी को अप्रत्यक्ष रूप से समर्थन दिया, जो पूरी तरह से पक्षपातपूर्ण है।

## खबर संक्षेप



### राम मंदिर परिसर में आज मनाएंगे श्याम महोत्सव

**रायपुर।** सफायर ग्रीन फेज-1 एक्सटेंशन में स्थित राम मंदिर परिसर में समस्त सफायर परिवार द्वारा 11 मार्च को श्री श्याम महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर शाम 4 बजे निशान यात्रा निकाली जाएगी, जो कि शिव मंदिर एम्पीरिया से प्रारंभ होकर श्याम बाबा की झांकी और नाच-गाने के साथ राम मंदिर परिसर में सजे भव्य श्याम बाबा के दरबार तक जाएगी। इसके बाद शाम 7.30 बजे से भजन संध्या प्रारंभ होगी। यह जानकारी कार्यक्रम आयोजक ने देते हुए बताया कि कोलकाता से आए राधाकृष्ण के जोड़े के संग फूलों और चंदन की होली होगी, श्याम बाबा का भव्य श्रृंगार होगा, छप्पन भोग लगेगा, भक्तों द्वारा सवामणि का प्रसाद लगेगा।

### पुराना राजेंद्र नगर में किया हर्बल गुलाल का वितरण



**रायपुर।** सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई द्वारा पुराना राजेंद्र नगर और डीडीयू नगर में सोमवार को हर्बल गुलाल वितरित किया गया। इस मौके पर सिंधी काउंसिल के प्रदेशाध्यक्ष ललित जैसिंघ ने कहा, हम हर्बल गुलाल वितरण कर रहे हैं, जैसे ही बच्चे गुलाल लिए, सबके चेहरे खिल उठे, जिससे खुशनुमा माहौल हो गया। सभी वर्ग होली खुशी से और सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में मनाए, आपसी मतभेद भूलकर होली खेले। इसी दौरान पंकज विक्रम वार्ड पार्षद स्वप्निल मिश्रा, पार्षद अमर गिदवानी, सचिन मेघानी, डॉ. एनडी गजवानी अन्य उपस्थित थे।

### अंतिम संस्कार के लिए दी सहयोग राशि

**रायपुर।** विधि विभाग मंत्रालय में संविदा पर कार्यरत कर्मचारी पीतांबर ध्रुव का 9 मार्च को निधन हो गया। मृतक कर्मचारी के परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा कुल 34500 रुपए की राशि एकत्रित कर उनके गृहग्राम ढोढरा जाकर अंतिम संस्कार के लिए सहयोग राशि प्रदान की गई। विधि मंत्रालय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष अनिल सिन्हा ने विभाग के समस्त अधिकारियों-कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया है। उनके निधन के बाद सोमवार को कार्यालय में विभाग के कर्मचारियों द्वारा 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई।

### चैंबर चुनाव, 4 वर्ष पुराने सदस्यों को चुनाव लड़ने की पात्रता

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के त्रैवार्षिक चुनाव के लिए सोमवार को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन बॉम्बे मार्केट स्थित चौधरी देवीलाल उद्योग व्यापार भवन में शाम 5 बजे किया गया। चैंबर चुनाव में प्रदेशभर के 27480 मतदाता अपनी पसंद के प्रतिनिधि चुनने मतदान कर सकेंगे। 14 अप्रैल से 10 चरणों में होने वाले इस चुनाव में अमर पारवानी के जय व्यापार पैनल और पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी के व्यापारी एकता पैनल के प्रत्याशियों के बीच मुकाबला है। जय व्यापार पैनल से अमर पारवानी प्रदेश अध्यक्ष पद के प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में हैं, वहीं व्यापारी एकता पैनल ने इस बार सतीश थौरानी को अध्यक्ष पद के प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में उतारा है।

## टीबी के साथ कुष्ठ और शारीरिक समस्या से पीड़ितों की पहचान के लिए सौ दिन का सर्वे

# 87 दिनों में 3 लाख की स्क्रीनिंग, 41 हजार की जांच, दो हजार टीबी के संदिग्ध मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**पुराने मरीजों के साथ क्लोज कांटेक्ट और हाईरिस्क वाले 35 लाख की स्क्रीनिंग**

सौ दिन के निक्षय निरामय अभियान के 87 दिनां में रायपुर जिले में 3 लाख से अधिक लोगों की स्क्रीनिंग की गई है। हाईरिस्क श्रेणी में आने पर ट्रूनॉट और एक्सरे के माध्यम से जांच करने पर 2 हजार लोगों को टीबी संदिग्ध पाया गया है। आवश्यकता के मुताबिक उनके उपचार की व्यवस्था की गई है। टीबी के साथ कुष्ठ और शारीरिक समस्या की पहचान के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा 7 दिसंबर से सौ दिन का अभियान चला रहा है, जिसमें 35 लाख लोगों की स्क्रीनिंग की जा चुकी है।

राज्य से जुड़े अधिकारियों का दावा है जिला स्तर पर आने वाले आंकड़ों के आधार पर 23 मार्च के बाद विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाएगी। इस आधार पर यह तय होगा कि टीबी और कुष्ठ पीड़ित कितने लोगों की पहचान हो पाई और कितने सीनियर सिटीजन को आवश्यकता के मुताबिक उनकी जरूरतों के सामान उपलब्ध कराए गए। रायपुर जिले में इस अभियान के तहत अब तक 3 लाख से अधिक लोगों की स्क्रीनिंग की गई है। इसमें लक्षण अथवा क्लोज कांटेक्ट आधार पर हाईरिस्क में आने वाले 11 हजार लोगों की ट्रूनॉट मशीन से जांच की गई है और 618 लोगों में टीबी के संक्रमण की पुष्टि हो चुकी है, कुछ रिपोर्ट आने का इंतजार किया जा रहा है। इसके अलावा 30 हजार लोगों की विभिन्न तरीकों से एक्सरे पूरा किया जा चुका है, जिसमें करीब 15 सौ लोगों की स्वाब जांच ट्रूनॉट जांच के लिए भेजी गई हैं। इसी तरह काफी संख्या लेप्रोसी के संदिग्ध सामने आए हैं, जिनकी जांच की जा रही है। स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर सामने आए कई सीनियर सिटीजन को वॉकर, हियरिंग मशीन सहित अन्य सामग्री उपलब्ध कराई गई है। अधिकारियों द्वारा अभियान के बाकी बचे दिनों में तमाम आंकड़ों में वृद्धि हो सकती है। प्रदेश में अभियान के तहत अब तक 35 लाख से ज्यादा की स्क्रीनिंग की गई है और हाईरिस्क ग्रुप में मरीजों की जांच के लिए प्रक्रिया जारी है।

हरिभूमि सरोकार



### इन्हें रखा गया जांच के दायरे में

अभियान के तहत हाईरिस्क श्रेणी में शारीरिक समस्या से जूझ रहे सीनियर सिटीजन के साथ बीपी-शुगर पीड़ित, स्मोकर और एल्कोहलिक तथा पूर्व में गंभीर बीमारी से पीड़ित लोगों को शामिल किया गया है। इनकी स्क्रीनिंग के लिए मितानिन और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को अपने-अपने क्षेत्र के घर-घर जाकर निर्धारित प्रोफार्मा के आधार पर जानकारी लेने का टास्क दिया गया था। स्क्रीनिंग में जो लक्षण अथवा अन्य तरह के संदेह के दायरे में आए, उनकी जांच स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा विभिन्न तरीकों से की गई है।

### जशपुर, बालोद टॉपर, सरगुजा जीरो

निक्षय निरामय अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्क्रीनिंग के लिए दिए गए लक्ष्य को सौ फीसदी जशपुर और बालोद जिले ने पूरा किया है। इसके अलावा सरगुजा में स्क्रीनिंग का काम शुरू नहीं हो पाया है, कोंडागांव और सारंगढ़ का आंकड़ा भी काफी पीछे है। रायपुर समेत 19 जिलों में टार्गेट की 95 से लेकर 103 फीसदी स्क्रीनिंग करने में सफलता पाई है। वहीं नौ जिलों ने 82 से 94 प्रतिशत तक स्क्रीनिंग कर संतोषजनक परफार्मेंस दिया है। राज्य में कुल 40 लाख 48 हजार 985 लोगों की स्क्रीनिंग का लक्ष्य रखा गया था, इसमें 35 लाख 1456 यानी 912 फीसदी लोगों तक स्वास्थ्य अमला पहुंच पाया।



### पुष्टि होने पर उपचार की व्यवस्था

जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश चौधरी ने बताया कि अभियान का मुख्य फोकस टीबी और कुष्ठ के मरीजों की जांच कर उन्हें उपचार सुविधा उपलब्ध कराना है। अभियान के तहत स्वास्थ्य अमले द्वारा निर्धारित प्रोफार्मा में स्क्रीनिंग के साथ हाईरिस्क वालों की जांच अन्य तरीकों से की जा रही है।

# सहमति बगैर भूमि अधिग्रहण बना दी सड़क, अब मुआवजे के लिए भटक रहा किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

भारत माला परियोजना घोटाले में एक और नया खुलासा हुआ है। इस परियोजना में एक ओर जहां कई किसानों की एक खसरा नंबर की भूमि को कई टुकड़ों में विभाजित कर किसानों के नाम पर चढ़ाकर उन्हें करोड़ों रुपए का भुगतान कर दिया गया है, वहीं दूसरी ओर कुछेक ऐसे भी किसान हैं, जिनकी जमीन बगैर उनकी सहमति के अधिग्रहित कर ली गई है।

यह मामला ग्राम टोकरो का है। किसान की यह जमीन भारत सरकार के राजपत्र सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा अधिसूचना जारी होने के पहले से उसके नाम पर दर्ज है। हरिभूमि से बातचीत करते हुए किसान ने कहा कि वह मुआवजे की पात्रता रखता है, क्योंकि उसकी जमीन भी इस प्रोजेक्ट में शामिल कर वहां सड़क बना दी गई है, जबकि अधिग्रहण एवं मुआवजा राशि की सूची में उसका नाम ही नहीं है। मुआवजा राशि के लिए अब वह लगातार तहसील कार्यालय का चक्कर लगा रहा है। उसका यह भी कहना है कि इस प्रोजेक्ट में हुए घोटाले का खुलासा होने के बाद उम्मीद की नई किरण जागी है। अगर इसके बाद भी उसे मुआवजा नहीं मिला तो वह हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाने से भी पीछे नहीं हटेगा।



■ भारत माला परियोजना घोटाले में एक और खुलासा

### नक्शे में नहीं थी शामिल, सड़क बनी तो 54 वर्गफुट जमीन अधिग्रहित कर ली

किसान ओमप्रकाश साहू ने बताया कि भारत माला परियोजना के नक्शे में उसकी जमीन नहीं थी, लेकिन जब सड़क बनाने का काम शुरू हुआ तो उसकी जमीन के 54 वर्गफुट भाग को अधिग्रहित कर लिया गया। इसकी उसकी जानकारी तक नहीं दी गई। किसान ने बताया कि इसकी जानकारी होने पर तहसील कार्यालय में अधिग्रहित की गई जमीन के बदले मुआवजे की मांग को लेकर आवेदन किया था। इस आवेदन पर एसडीएम के निर्देश पर नायब तहसीलदार ने जांच की थी, जिसमें उसकी 54 वर्गफुट जमीन अधिग्रहित होना पाया गया था। इस जांच के बाद एसडीएम कार्यालय से परियोजना निदेशक धमतरी को पत्र भी लिखा गया था, जिसमें कहा गया था कि ओमप्रकाश की जमीन प्रस्तावित नहीं है, इसलिए उस पर निर्माण कार्य नहीं किया जा सकता। ऐसा करने पर अगर किसान किसी प्रकार निर्माण कार्य में रुकावट या व्यवधान उत्पन्न करता है तो इसके लिए परियोजना विभाग जवाबदार होगा। एसडीएम के इस आवेदन के बाद भी किसान की निजी भूमि पर सड़क का निर्माण कर दिया गया है।

# विंटर से बंद रायपुर-जगदलपुर फ्लाइट समर शेड्यूल में भी वापस नहीं लौटेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

विंटर शेड्यूल में स्थगित हुई रायपुर-जगदलपुर की इंडिगो की सीधी विमान सेवा की वापसी होने की संभावना नहीं दिख रही है। दोनों सेक्टर के बीच यात्रियों की संख्या बेहद कम होने की वजह से इस फ्लाइट का संचालन स्थगित किया गया था। इसके पूर्व एक अन्य विमानन कंपनी ने इसे घाटे का सौदा मानते हुए संचालन से अपना हाथ खींच लिया था। क्षेत्रीय उड़ान योजना के तहत राज्य के भीतर विमानों के उड़ान भरने के लिए यात्रियों की उपलब्धता सबसे बड़ी चुनौती है। दो शहरों को आपस में जोड़ने के लिए रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से जगदलपुर विमानतल तक पहली बार विमान सेवा का संचालन शुरू किया गया था, मगर दोनों शहरों के बीच स्थायी रूप से हवाई कनेक्टिविटी अब तक नहीं बन पाई है। सबसे पहले एयर ओडिशा ने विमान के संचालन से अपना हाथ खींचा था। इसके बाद अलायंस एयर ने अपनी छोटी फ्लाइट का संचालन शुरू किया और कुछ समय बाद रायपुर से सबसे ज्यादा विमानों का संचालन करने वाली इंडिगो ने सप्ताह में अलग-अलग दिनों में रायपुर-जगदलपुर के बीच विमान की शुरुआत की थी।

■ यात्रियों की कमी के कारण स्थगित हुई थी उड़ान



**सामान्य दिनों में भी 53 हजार यात्री** : ट्रेनों की अनियमित चाल की वजह से छत्तीसगढ़ में हवाई सफर करने वाले यात्रियों की संख्या बढ़ चुकी है। स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से अब हर सप्ताह पचास हजार से ज्यादा यात्री आवाजाही करते हैं। वर्तमान में बोर्ड परीक्षाओं का दौर चल रहा है और सामान्य मौसम होने के बाद पिछले सप्ताह यहां से 53 हजार यात्रियों ने अपना सफर पूरा किया है। प्रतिदिन रायपुर में चार हजार यात्री आ रहे हैं और उतने ही दूसरे शहरों के लिए रवाना हो रहे हैं।

# राजधानी में जलसंकट के आसार, महापौर ने तीन दिन के भीतर अधिकारियों से मांगी कार्ययोजना

■ 20 से 22 स्थानों पर मेन राइजिंग लाइन से कनेक्शन, 3 दिन के भीतर सूची मांगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के एक बड़े इलाके में अभी से जलसंकट गहराने लगा है। निगम ने संकटग्रस्त इलाकों की पूरी सूची सोमवार को जारी की है। महापौर मीनल चौबे ने जल विभाग के अधिकारियों से 3 दिन के भीतर जलसंकट से निपटने कार्ययोजना बनाकर देने के निर्देश दिए हैं। साथ ही जल विभाग के कार्यपालन अभियंता से शहर के 20 से 22 ऐसे स्थानों की सूची 3 दिन के अंदर देने के लिए कहा है, जहां सीधे राइजिंग लाइन से कनेक्शन ले लिए गए। इन कनेक्शनों को काटने की कार्यवाही जल्द करने की हिदायत दी गई।

गांधी सदन में सोमवार को गर्मी के सीजन में पेयजल व्यवस्था की तैयारियों को लेकर लेकर महापौर मीनल चौबे ने निगम आयुक्त विश्वदीप की मौजूदगी में अधिकारियों की बैठक ली। यह बैठक 2 घंटे तक चली।



### जलसंकट के संभावित क्षेत्र

बैठक में अधिकारियों ने महापौर मीनल चौबे और निगम आयुक्त विश्वदीप को बताया, जोन-9 के कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड में द्वारिका विहार गली नंबर 1, दलदल सिवनी बीएसयूपी, बैरागी बीएसयूपी, टेकारी पीएमएवाय, साजनदास बीएसयूपी, कचना हाउसिंग बोर्ड ब्लॉक 1-25, कचना बीएसयूपी, खम्हारडीह क्षेत्र, श्रीराम नगर सेल्स टैक्स कालोनी, भावना नगर, सरहद फेज-2 हाउसिंग बोर्ड, ब्रह्मदेव नगर, सूरज नगर, बीएसयूपी संकल्प सोसायटी फेज 1, 2, जोन-4 पं. रविशंकर शुक्ल वार्ड में अर्जुन चौक यादव मोहल्ला, ब्राह्मणपारा वार्ड में धोबी गली, सोहागा मंदिर के पीछे का क्षेत्र, स्वामी विवेकानंद सदरबाजार वार्ड में तेलीपारा, नयापारा, बूढ़ापारा के विभिन्न स्थान पेयजल के संभावित संकटग्रस्त स्थानों में शामिल हैं।

### यहां भी बढ़ सकती है पानी की किल्लत

इसी तरह मौलाना अब्दुल रऊफ वार्ड में धोबी गली, बांसटाल, बैजनाथ पारा, सिविल लाइन वार्ड में आकाशवाणी के पास उत्कल बस्ती, जोगी नगर, गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ चौक से नेताजी चौक तक, पं. भगवतीचरण शुक्ल वार्ड में पंजाबी कॉलोनी, डॉ. बिपिन बिहारी सूर वार्ड में कुम्हारपारा, आदर्श नगर, शहीद पंकज विक्रम वार्ड में टैगोर नगर क्षेत्र, छत्तीसगढ़ नगर, मोरेवश्वर राव गद्रे वार्ड में संतोषीनगर, कैलाशपति गार्डन के आसपास का क्षेत्र, शहीद चंद्रशेखर आजाद वार्ड में बृजनगर, शहीद राजीव पांडे वार्ड में संजय नगर, आरडीए प्लाट क्षेत्र इंदिरा नगर क्षेत्र, महामाया मंदिर वार्ड में परशुराम नगर, प्रोफेसर कालोनी सेक्टर 2 क्षेत्र, वीरांगना अवंतिबाई वार्ड में राधाकृष्ण मंदिर के पास, जीपी रोड नंबर 14 के पास, इंदिरा नगर मंदिर गली, जीपी रोड के आगे प्रेमनगर, आदर्श कालोनी, उड़िया बस्ती, वाल्मीकि नगर, रमण मंदिर वार्ड में साहू भवन, पंजाबी बाड़ा, दानवीर भामाशाह वार्ड में गोसाई बाड़ा, सिंधी बाड़ा, तुलसी नगर, सतनामी पारा, मिनी माता चौक, यतियतन लाल वार्ड में बुनियाद नगर, सतनामी पारा आदि क्षेत्रों को पूर्व वर्ष के अनुभव अनुसार पेयजल संकट प्रभावित संभावित स्थानों की सूची में शामिल किया गया है।

## समायोजन की मांग को लेकर तूता धरनास्थल पर अनिश्चितकालीन धरना

# बर्खास्त बीएड सहायक शिक्षक धरनास्थल पर ही मनाएंगे होली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बर्खास्त बीएड सहायक शिक्षकों ने समायोजन की मांग को लेकर नवा रायपुर के तूता स्थित धरनास्थल पर सोमवार को प्रदर्शन किया। धरने में महिला सहायक शिक्षकों के साथ उनके बच्चे और परिवार के सदस्य भी शामिल हैं। उनका कहना है कि अगर उनकी मांग पूरी नहीं हुई तो वे अनिश्चितकालीन धरना देकर आर-पार की लड़ाई लड़ेंगे। इस बार वे यहीं धरनास्थल पर होली त्योहार मनाएंगे। इधर राज्य सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संयुक्त मंच के बैनर तले आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं ने धरना देकर अपनी लंबित मांगों को लेकर प्रदर्शन किया।छत्तीसगढ़ के 2897 बर्खास्त बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षकों ने नौकरी की सेवा सुरक्षा मांग करते धरना दिया। प्रभावित सहायक शिक्षकों का कहना है, उनके सामने आजीविका का संकट उठ खड़ा हुआ है। नौकरी छीननी ही थी तो पहले क्यों दी? बिना समस्या का समाधान किए नौकरी से निकालने का आदेश तत्काल रोका जाए। धरने पर बैठे बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षकों ने कहा, उनके साथ गलत हो रहा है। सरकार ने हड़बड़ी में कमेटी तो बना दी, लेकिन कमेटी की अभी तक केवल एक बार बैठक हुई है। अब तक कमेटी की समयसीमा तय नहीं की गई। कमेटी फैसला सुनाने में सुस्ती दिखाई जा रही है। विदित हो, बीएड सहायक शिक्षक नगरीय निकाय चुनाव से पहले 45 दिनों तक अपने लंबित मांग को लेकर आंदोलन कर चुके हैं, लेकिन आचार संहिता के चलते उन्हें अपना आंदोलन स्थगित करना पड़ा था।

**प्रदेशभर से 2897 सहायक शिक्षक प्रभावित परिवार के साथ दे रहे धरना**




### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिकाओं का प्रदर्शन

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संयुक्त मंच के नेतृत्व में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं ने फेस कैप्चर, ऑनलाइन उपस्थिति, और पारदर्शिता के नाम पर ऑनलाइन पेमेंट कटौती का विरोध किया। धरना-प्रदर्शन को संबोधित करते हुए हेमा भारती ने कहा, सरकार की इस योजना का हम विरोध करते हैं। फेस कैप्चर आंगनबाड़ी में ही क्यों लागू किया जा रहा है। इसी तरह फोटो कैप्चर कार्य वर्तमान में इसलिए संभव नहीं है, क्योंकि विभाग द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं को समुचित संसाधन उपलब्ध नहीं कराए जा रहे हैं। जैसे 5जी मोबाइल, सभी केंद्रों और गांवों में पर्याप्त नेट सुविधा, मोबाइल रीचार्ज और हितग्राहियों को ओटीपी देने के लिए सुपरवाइजर और परियोजना अधिकारी द्वारा मोटिवेट नहीं किया गया है, जिसके कारण कई व्यावहारिक दिक्कतें आ रही हैं। सभा को सरिता पाठक, रुक्मिणी साहू, लक्ष्मी कोसले, दुर्गा यादव ने भी संबोधित किया।





### अधिकारियों को आरटीआई अधिनियम की बारीकियां समझाने प्रशिक्षण जारी

**रायपुर।** जनसूचना का अधिकार अधिनियम के तहत आने वाले आवेदनों का जल्द से जल्द निराकरण हो। इसके लिए अधिकारियों को मास्टर ट्रेनिंग दी जा रही है। भारत सरकार के कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) एवं छत्तीसगढ़ प्रशासन अकादमी निमोरा द्वारा कलेक्टोरेट स्थित रेडक्रॉस भवन में 16 जिलों के जनसूचना अधिकारियों और प्रथम अपीलीय अधिकारियों के लिए सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 पर सोमवार को दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य अधिकारियों को सूचना के अधिकार (आरटीआई) अधिनियम की विस्तृत जानकारी देना और उन्हें अपने जिले में मास्टर ट्रेनर के रूप में विकसित करना है, ताकि वे अन्य अधिकारियों को भी प्रशिक्षित कर सकें।

## खबर संक्षेप



### जस्टिस नरसिम्हन के हाथों सुप्रिया को मिली एलएलबी आनर्स की डिग्री

**पलारी।** हिदायतुल्लाह नेशनल ला यूनिवर्सिटी की 8वीं दीक्षांत समारोह सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस पी एस नरसिम्हन के मुख्य आतिथ्य एवं विभिन्न राज्यों के न्यायाधीशों की आतिथ्य एवं छग राज्य के विधि विधाई व उपमुख्यमंत्री अरुण साव की उपस्थिति में विश्वविद्यालय के छात्र छात्राओं को गोल्ड मेडल एवं एल एल बी व एल एल एम की डिग्री प्रदान की गई। जिसमें जुनवानी निवासी पूर्व जिला पंचायत सदस्य सुनील भतपहरी की सुपुत्री सुप्रिया भतपहरी को जस्टिस नरसिम्हन के हाथों बीए एलएलबी आनर्स की डिग्री प्रदान किया गया। सुप्रिया को हिदायतुल्लाह नेशनल विधि विश्वविद्यालय द्वारा डिग्री मिलने शकुन शिव डहरिया,प्रो अनिल भतपहरी, सुशील भतपहरी,आर पी भतपहरी, याचना भतपहरी,मोहन बंजारे, जिला पंचायत सदस्य शैलेन्द्र बंजारे, रविदास बंजारे,चुडामणी गायकवाड़,तीज कुमार जनस्वामी, यशवंत बांधे, विक्रम राय, बसंत जांगड़े, महेश बार्ले महेश ढीढी सहित प्रमुख लोगों ने सुप्रिया को बधाई एवं शुभकामनाएं दिए।

### कन्नौजिया सेन समाज ने जपं सदस्य जामवंती साहू को दी जीत की बधाई



**पलारी।** कन्नौजिया सेन समाज दतान की ओर से जनपद सदस्य श्रीमति जामवंती नीलकमल साहू जी को उनकी शानदार जीत पर हार्दिक बधाई दी गई। इस अवसर पर समाज के गणमान्य सदस्य दुलारी सेन, राधिका सेन, रोहनी सेन, भारत सेन, नरेंद्र सेन, अशोक सेन, संतोष सेन, कमल सेन, राजू सेन, राजा सेन और पुस्कर सेन उपस्थित रहे। समाज के सदस्यों ने जामवंती नीलकमल साहू के नेतृत्व में क्षेत्र के विकास और समाज की उन्नति की उम्मीद जताई। सभी ने एकजुट होकर समाज के हितों के लिए कार्य करने का संकल्प लिया। बैठक में आगामी सामाजिक कार्यक्रमों और जनकल्याणकारी योजनाओं पर भी चर्चा की गई।

### जिला खनिज संस्थान न्यास अंतर्गत प्रबंधकारिणी समिति की हुई बैठक

**महासमुंद।** कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला खनिज संस्थान न्यास विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में जिला खनिज संस्थान न्यास अंतर्गत प्रबंधकारिणी समिति की बैठक हुई। बैठक में पूर्व में स्वीकृत कार्यों की अद्यतन स्थिति समीक्षा की गई एवं वर्ष 2025-26 की वार्षिक कार्ययोजना पर चर्चा की गई। बैठक में जिले के जनहितैषी कार्यों के संबंध में विभागों से प्राप्त प्रस्तावों के संबंध में विस्तृत समीक्षा की गई। उल्लेखनीय है कि न्यास के कार्यां का प्रबंधन दैनंदिनी आधार पर प्रबंधकारिणी समिति द्वारा किया जाता है।

**कार्यक्रम : महिला सम्मान, गोष्ठी एवं विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन**

# नई किरण कलस्टर संगठन ने महिला दिवस पर किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

ग्राम अमेरा में अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर जनपद पंचायत पलारी के अंतर्गत नई किरण कलस्टर संगठन अमेरा द्वारा महिला सम्मान, गोष्ठी एवं विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें क्षेत्र की विभिन्न महिला समुह के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने उत्साह के साथ भाग लिया।

कार्यक्रम में विशेष रूप से अमेरा सरपंच श्रीमती शैलेन्द्री पटेल, लखेश्वरी साहू, श्रीमती चम्पा पटेल, सहित पंच अरूण देवांगन, मालिक साहू, सुरेन्द्र पटेल, श्रीमती रात्रे, रवि, जनक साहू, शंकर पटेल, लोकनाथ फेकर आदि पंचगण उपस्थित थें। महिला दिवस पर नवनिर्वाचित महिला सरपंच शैलेन्द्र पटेल सहित पंचों का भी सम्मान किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय ग्रामींण आजीविका मिशन बिहान के अंतर्गत नई किरण कलस्टर संगठन अमेरा द्वारा आयोजित महिला दिवस पर प्रतिभा टोनड्रे पीआरपी, अंजली, खिलेश, अनिता, दामिनी, कल्पना, मीना, भारती, संतोषी दीदी ओपी, रूखणी पीआरपी, भगवती, सुनीता आदि ने महिला दिवस की महत्ता पर प्रकाश डाला। इन्होने शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ भी लेने की अपील महिला संगठनों से की। कार्यक्रम में महिला सम्मान समारोह के पश्चात होली मिलन का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। जहां महिला संगठन की कार्यकर्ता काफी संख्या में शामिल हुए।



## महिला दिवस पर गाइड नेहा हुई सम्मानित

**पलारी।** महिला दिवस के अवसर पर महिला बाल विकास एवं युवा खेल कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वाधान में महिला दिवस का आयोजन नगर भवन बलोदा बाजार के प्रांगण में किया गया था जहां विभिन्न विभाग में उत्कृष्ट सेवा देने वाली महिलाओं का सम्मान कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा के हाथों किया गया, कार्यक्रम मे कलेक्टर दीपक सोनी एवं जिला युवा कल्याण प्रभारी संगीता मैडम तथा महिला विभाग के कर्मचारी अधिकारी खेल विभाग के भी कर्मचारी अधिकारी एवं नव निर्वाचित जिला पंचायत सदस्यगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर हिमांशु भारतीय जिला शिक्षा अधिकारी बलोदाबाजार भी उपस्थित रहे उन्होंने शिक्षा विभाग में अग्रणी कार्य करने वाले महिलाओं का सम्मान किया जिसमें पलारी ब्लाक से सुश्री नेहा उपाध्याय जिला संगठन आयुक्त गाइड भी सम्मानित हुई इस तरह से महिला दिवस पर नारियों की शक्ति का सम्मान किया गया और भविष्य में भी इसी प्रकार से निरंतर अपने कार्यों की दक्षता बनाए रखेंगे और समाज देश और राष्ट्रीय हित में कार्य करेंगे।

■ उत्कृष्ट सेवा देने वाली महिलाओं का कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा ने किया सम्मान



## कल्प समाज सेवी संस्था ने किया महिलाओं का सम्मान



**गिधौरी।** कल्प समाज सेवी संस्था ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर एक कार्यक्रम का आयोजन कर नवनिर्वाचित पंच सरपंच तथा परियोजना अधिकारी महिला बाल विकास चन्द्रहास नाग ,स्वास्थ्य विभाग के स्टाफ सविता कल्याणी शशिकला और शहीद वीर नारायण सिंह के वंशज राजेंद्र दीवान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे जिसमें ग्राम पंचायत खोसड़ा, अर्जुनी, सोनाखान की नवनिर्वाचित सरपंच पंच तथा महिलाओं का बड़ी मात्र में उपस्थित रहे इसमें सबसे पहले शहीद वीर नारायण सिंह की प्रतिमा का पूजा अर्चना व पुष्प अर्पण से कार्यक्रम को प्रारंभ किया गया उसके बाद मानाकोनी, खोसड़ा, दलदली सोनाखान ,महकम, कसौंदी, अर्जुनी, सरायपाली के आए हुए पंच सरपंच का स्वागत तथा श्री फल व गमछा देकर सम्मान किया गया उसके बाद परियोजना अधिकारी महिला बाल विकास चंद्रहास नाग द्वारा महिलाओं को महिला दिवस पर बधाई देते हुए महिलाओं को आगे आकर अपने अपने परिवार देश का विकास में योगदान करने को बोला गया तथा महिलाओं को अपने योजनाओं के बारे में समझाया गया। वहीं स्वास्थ्य विभाग से आए हुए स्टाफ द्वारा भी महिलाओं की रक्षा और स्वयं में जिम्मेदारी, आत्म निर्भर होने की बात को बताया गया आए हुए सभी अतिथियों द्वारा बारी–बारी से महिला दिवस पर अपना मंतव्य प्रगति कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया।

■ वीर नारायण सिंह के वंशज राजेंद्र दीवान रहे मुख्य अतिथि

### महिलाओं के सहयोग से कार्यक्रम सफल

उसके बाद कल्प समाज सेवी संस्था में जाफर सर, अभिषेक, कविता, गोरेलाल, दिगंबर, सुख सिंह, छोटू, दीपक, अजय, नंद कुमार, हरी समस्त स्टाफ के लोगों तथा आए हुए महिलाओं के सहयोग से कार्यक्रम को सफल बनाया गया। जिसमें हरि डडसेना द्वारा आए हुए अतिथियों तथा महिलाओं का कार्यक्रम में अपना बहुमूल्य समय देने के लिए धन्यवाद करते हुए कार्यक्रम को समापन का घोषणा किया।

## हथबंद हाईस्कूल में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हथबंद



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हथबंद में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति की बैठक रखी गई थी ।

समिति के अध्यक्ष श्री मती विद्या वर्मा द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना के बाद बैठक की कार्यवाही शुरू की गई। आगामी गर्मी को देखते हुए वृहद मात्र में परिसर में रोपित पौधे को पानी देने समुचित व्यवस्था के साथ शासन के माध्यम से नए बोर खनन करवाने हेतु प्रस्ताव पारित किया गया। समिति के सक्रिय सदस्य राज किरण महिलांग द्वारा विगत वर्ष एक पेड़ मां के नाम के कार्यक्रम में राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा द्वारा शाला हथबंद के विभिन्न कार्यों के लिए किए गए घोषणा की राशि 25 लाख की मांग हेतु समिति के माध्यम से ज्ञापन सौंपने का प्रस्ताव रखा गया।समिति के उपाध्यक्ष धनेश निषाद ने शाला समिति के सभी सदस्यों समिति को समिति की प्रत्येक बैठक में आने की अपील की।

संस्था के प्राचार्य सी के नायक ने समिति के सभी सदस्यों को होली की अग्रिम बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।बैठक में तिहारु ,धनेश निषाद,सविता गायकवाड, शिक्षक आमी सोनी,योगेश त्रिवेदी आदि ने भाग लिया।

## नपाध्यक्ष ने संभाला पदभार, युवाओं ने बांटा हलवा




**महासमुंद।** नगर पालिका परिषद अध्यक्ष पद पर शपथ ग्रहण करने के बाद मंगलवार को निखिलकांत साहू ने विधिवत पदभार ग्रहण किया। इस उपलक्ष्य में स्थानीय नेहरू चौक में युवाओं द्वारा हलवा प्रसाद वितरित किया गया। जिसमें शाहबाज राजवानी, रत्नेश साहू, आकाश ठाकुर, शुभम चन्दाकर, होरीलाल साहू, पुष्कर साहू, युवराज कनौजे, फलेश साहू, गुलशन, सितेश साहू, निशु मिश्रा, निहाल आदि उपस्थित रहे।

## कलेक्टर धर्मेश साहू ने की स्कूल और निर्माण कार्यों की समीक्षा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार सरसीवां

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी धर्मेश कुमार साहू ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में निर्माण कायोंर् की समीक्षा बैठक ली।

बैठक में कलेक्टर ने जिले के स्कूल सहित अन्य निर्माण कायोंर् की प्रगति की जानकारी ली, जिसमें अधोसरंचना, सीएसआर, डीएमएफ, सांसद और विधायक निधि, स्कूल जतन, समग्र शिक्षा के मद शामिल हैं। कलेक्टर ने जर्जर स्कूल, भवनों, कार्यालयों के निर्माण को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी लक्ष्मी प्रसाद पटेल, डिप्टी कलेक्टर अनिकेत साहू , शिक्षा शर्मा, मधु गवेल, समग्र शिक्षा के नोडल अधिकारी नरेश चौहान, जिले के ग्रामीण यांत्रिकी सेवा आरईएस एसडीओ भोजकुमारी खांडेकर, आकाश देवांगन, लक्ष्मी जांगड़े, डीपीएम एन एल इजारदार, सत्येंद्र बसंत, भानुप्रताप कोशले उपस्थित थे।

## होली पर्व के मद्देनजर मिठाई एवं खाद्य पदार्थों की नियमित जांच करने के निर्देश

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने साप्ताहिक समय सीमा की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने शासकीय एवं विभागीय योजनाओं की प्रगति एवं कार्यां की समीक्षा की। बैठक में जिला पंचायत सीईओ एस आलोक, अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू, रवि राज ठाकुर, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे तथा अन्य विकासखण्ड अधिकारी वीसी के माध्यम से जुड़े थे। कलेक्टर लंगेह ने किसान पंजीयन की जानकारी लेते हुए कहा कि इसमें आवश्यक तेजी लाएं। उन्होंने किसानों का एग्रीस्टेक परियोजना अंतर्गत फार्मर रजिस्ट्री एप्प/पोर्टल में सीएससी और सहकारी समितियों के माध्यम से रजिस्ट्रेशन के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि किसान स्वयं भी एग्रीटेक एप्प के माध्यम से अपना पंजीयन कर सकते है। इसी तरह उन्होंने धान उठाव की प्रगति की समीक्षा की। शेष एक लाख 10 हजार क्विंटल धान का उठाव आगामी 13 मार्च तक उठाव करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में राशन कार्ड के ई केवाईसी के लिए आवश्यक प्रयास करने के निर्देश दिए गए हैं। खाद्य अधिकारी ने बताया कि राशन कार्ड के ई केवाईसी के लिए 31 मार्च तक का समय सीमा निर्धारित है। उन्होंने वर्तमान में चल रहे बोर्ड परीक्षाओं में किसी भी प्रकार के नकल प्रकरण पर कारवाई करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने नगरीय निकायों में स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत किए जा रहे सर्वेक्षण कार्य में अधिक से अधिक सर्वे करने के निर्देश दिए हैं। प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत जिन परिवारों का आधार कार्ड नहीं बना है, उनके लिए विशेष कैंप लगाने के निर्देश दिए हैं। निक्षय निरामय योजना अंतर्गत चिन्हां कित सभी मरीजों के संरक्षण एवं उसके इलाज के लिए लगातार प्रयास करने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग को दिए गए है।

## केंद्रीय विद्यालय में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्राचार्य संजय कंसल ने विद्यालय की महिला शिक्षकों के साथ मां शारदा को पुष्पांजलि अर्पित कर दीपार्चन किया। भाव विभोर प्राचार्य ने महिलाओं से उनकी पसंद अनुसार अगले वर्ष महिला दिवस मनाने का वादा करते हुए अपने सारगर्भित उद्बोधन में महिलाओं के सम्मान में अति मीठे वचन कहे कि यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते, रमन्ते तत्र देवताः। उन्होंने कहा कि महिला दिवस तो केवल प्रतीक है, हमें हर घड़ी, हर पल महिलाओं का यथोचित सम्मान करना चाहिए। क्योंकि उनके बिना घर संसार की कल्पना करना भी असंभव है। उन्होंने स्टाफ क्लब की ओर से महिलाओं को आकर्षक और उपयोगी उपहार भी प्रदान किए। विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका रोहिता बंसोड ने कहा कि केवि में महिलाओं के लिए बहुत ही स्वस्थ और सुरक्षित वातावरण हैं। ऐसे स्थान पर कार्य करने मेंबहुत प्रसन्नता का अनुभव होता है। वरिष्ठ शिक्षक एसके सिंह ने महिलाओं के सम्मान में रामचरित मानस पाठ किया। शिक्षक नील माधव सिंह ने अपने उद्बोधन में मातृ शक्ति को नमन किया। गुलाब राम आवड़े ने महिलाओं के स्वाभिमान पर अपने उद्गार व्यक्त किए। शिक्षिका वंदिनी जौहरी ने स्वरचित यथार्थवादी कविता का पाठ किया।

## बैठक में डिजिटल क्रॉप सर्वे और फॉर्मर रजिस्ट्री पर जोर

**महासमुंद।** तहसील कार्यालय के सभाकक्ष में बागबाहरा एवं कोमाखान के राजस्व और कृषि विभाग की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशन में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बागबाहरा उमेश कुमार साहू द्वारा सभी पटवारी, राजस्व निरीक्षक (आरआई) और ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों को विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में फॉर्मर रजिस्ट्री में वृद्धि करने पर विशेष जोर दिया गया, जिससे अधिक से अधिक किसानों का पंजीकरण किया जा सके। साथ ही डिजिटल क्रॉप सर्वे प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए, जिससे फसलों की सटीक जानकारी एकत्रित की जा सके और कृषि योजनाओं को अधिक प्रभावी बनाया जा सके। इसके अलावा नक्शा बटांकन, सीमांकन और स्वामित्व योजना के कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण करने पर भी जोर दिया गया।

## पेज 11 के शेष

### अशांति फैलाने वालों...

करें, जबरदस्ती रंग लगाने तथा किचड़ का उपयोग करने बचें, कानून अपने हांथ में न लेंवे अप्रिय घटना की स्थिति में तत्काल पुलिस को सुचित करें। थाना प्रभारी धीरेन्द्र दुबे ने कहा कि होली पर्व व साथ ही विद्यार्थियों के परीक्षा को देखते हुए ज्यादा आवाज में साउंड का उपयोग न करें व हुड़दंग न करें शराब पीकर वाहन न चलाएं तथा तीन सवारी बाइक चलाने वालों के ऊपर सख्त कार्यवाही किया जाएगा साथ ही अवैध शराब बेचने वालों के ऊपर कार्यवाही किया जाएगा जानकारी देने वाले के नाम गोपनीय रखा जाएगा। बीएमओ डॉ. बीएस ध्रुव ने कहा की होली के पर्व में केमिकल युक्त रंगों का उपयोग न करें, आंख को बचा के रंग गुलाल का उपयोग करें।

### अग्निवीर भर्ती के...

के अभ्यर्थियों को ऑनलाइन परीक्षा सीईई के समय टाइपिंग टेस्ट देना होगा। ऑनलाइन परीक्षा सीईई जून 2025 के बाद होने की संभावना है। किसी भी अन्य जानकारी और समस्या के लिये सेना भती कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं अथवा विस्तृत जानकारी के लिये जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, बलौदाबाजार के सूचना पटल का अवलोकन कर सकते है।

**होली त्योहार को लेकर गिधौरी थाना में शांति समिति**

# हुड़दंगियों पर पुलिस रखेगी नजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी





गिधौरी थाना में होली त्यौहार को लेकर शांति समिति की बैठक मंगलवार को आयोजित किया गया था। जिसमें कसडोल एसडीओपी कौशल किशोर वासनिक गिधौरी थाना प्रभारी शंशाक सिंह एवं टुण्डरा तहसीलदार युवराज कुर्रे की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। थाना प्रभारी ने बताया की होली पर्व में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने एवं क्षेत्र में शांतिपूर्वक होली मनाया जाए और किसी तरह भी हरे भरे वृक्षों को कटाई नहीं करना है तथा बिजली खंभे के नीचे होलिका दहन नहीं करेंगे और हुडदंग नहीं करने की हिदायत दी गई है साथ साथ हुडदंगियों पर पैनी नजर रखी जावेगी। सड़क, रोड को व्यवधान नहीं करने की बात कही गई और शांतिपूर्ण एक -दूसरों पर रंग गुलाल लगाने की अपील किया गया है। एसडीओपी ने भी होली का पर्व शांति एवं भाईचारे के साथ- मनाने तथा गणमान्य नागरिकों, पत्रकारों, क्षेत्र अंतर्गत समस्त ग्राम पंचायत एवं कोटवारों की उपस्थिति में होली पर्व पर शांति एवं सद्भाव बनाए रखने अपील कि गई। वहीं नवनिर्वाचित नगर पंचायत टुण्डरा अध्यक्ष छतराम साहु द्वारा थाना प्रभारी को श्रीफल साल भेंटकर बधाई एवं शुभकामनाएं दिए। शांति समिति के बैठक में एसडीओपी कसडोल, थाना प्रभारी शंशाक सिंह, तहसीलदार टुण्डरा युवराज कुर्रे, हेमंत दुबे, छतराम साहू अध्यक्ष टुण्डरा, विनोद केशरवानी, मदन लालखाण्डेकर योगेश साहू, बृजेश पटेल, राजेश तिवारी, गिधौरी सरपंच देवप्रसाद केवट, कुम्हारी सरपंच दुसासन प्रधान, घटमडवा सरपंच लच्छी गोंड, खपरीडीह सरपंच सुदर्शन सिंह ध्रुव, अर्जुन केवट पूर्व उपसरपंच खपरीडीह, घासीराम मनहर नवरंगपुर सरपंच अशोक पटेल, टुण्डरा, रामशंकर साहू, भानु घृतलहरे, राहुल निराला, महावीर गोड, राजकुमार यादव गैतराम, रामकुमार पटेल, जवाहिर प्रधान सरपंच नवीन अमलीडीह, राजेश पंकज, रविशंकर, तिहारू पटेल, कमल साहू, अनिल कुमार कर्ष, देवेश कुमार, अजय कुमार, मनीष निराला शामिल थे।

**NAME CHANGE**

1. By this deed I, the undersigned Praneet Praful Sorte previously called Praneet Kumar doing, service(give profession or vocation)and resident of Q.NO.D-70 HCW TownShip, Hirmi, Chhattisgarh Raipur Suhela Thana Pin-493195 solemnly declare:
2. That for and on behalf of myself and my wife, children and remitter issue, I wholly renounce/ relinquish and abandon the use of my former name surname of Praneet Kumar and in place there of I do hereby assume from this date the name/surname Praneet Praful Sorte so That I and My Wife, children and Remitter issue may hereafter be called known and distinguished not by my former name surname but assumed name/surname of Praneet Praful Sorte.
3. That for the purpose of I evdencing such my determination declare that I shall at all times here after in all records, deeds and writings and in all proceedings, dealings and transactions, private as well as upon all occasions whatsoever, use and sign the name of Praneet Praful Sorte as my name/surname in place and in substitution of my former name/ surname.
4. That the facts stated above are true to the best of my knowledge and belief.
5. In witness whereof I have hereunto subscribed my former and adopted name/surname of Praneet Kumar affix my signature and seal, if any, this Praneet Praful Sorte day of 06/03/2025.

**Signature of Deponant**

## खबर संक्षेप



### अचानकपुर स्कूल से लक्ष्मी का चयन

**महासमुंद।** विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा आयोजित इंस्पायर अवार्ड योजना के अंतर्गत विज्ञान शिक्षिका ओमेश्वरी सिन्हा, शिक्षिका धनेश्वरी सिन्हा एवं शिक्षक रमेश कुमार साहू के मार्गदर्शन से शासकीय उच्च प्राथमिक शाला अचानकपुर से लक्ष्मी पटेल पिता नीलकंठ पटेल कक्षा सातवीं के अभिनव विचार (इनोवेटिव आइडिया) विज्ञान मॉडल का चयन हुआ है। इस अवसर पर प्रधान पाठक दशरथ लाल ध्रुव ने छात्रा के नए आइडिया (इनोवेटिव आइडिया) को सराहा। वहीं स्कूल स्टाफ ने छात्रा के चयन पर हर्ष जताया है।




### साराडीह स्कूल में हुआ विदाई सम्मान समारोह

**महासमुंद।** प्राथमिक शाला साराडीह में कक्षा पांचवी के बच्चों का विदाई सम्मान समारोह एवं नेवता भोज का आयोजन किया गया। इस मौके पर छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी गई। कार्यक्रम में प्रधान पाठक मंजू चन्द्राकर, शिक्षक भारती चन्द्राकर, देवकी सिंह, सुनीता पटेल, महेश्वरी मारकण्डे, शाला प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष सीमा साहू, विधायक प्रतिनिधि दीपक चौहान आदि मौजूद रहे।



### छत्रपति संभाजी महाराज की पुण्यतिथि मनाई

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में भारत देश के धर्म और राष्ट्र की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले महापराक्रमी छत्रपति संभाजी महाराज की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान मितानिन कौशल्या चन्द्राकर, मितानिन भारती चन्द्राकर, दामिनी चन्द्राकर, जया चन्द्राकर, शाशी चन्द्राकर, रुपेश चन्द्राकर, भूषण चन्द्राकर, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चन्द्राकर आदि मौजूद रहे।

### 16 लाख की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**महासमुंद।** प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर 04 मृतकों के निकटतम वारिसानों के लिए चार-चार लाख रुपए के मान से कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत कुल 16 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। इनमें पानी में डूबने से मृत्यु होने पर सरायपाली विकासखंड अंतर्गत ग्राम नूनपानी की मृतिका उत्तरा चंद्रवंशी, ग्राम बांदा के मृतक शंकरलाल एवं बागबाहरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम बान्दुमुड़ा के मृतक ढोला दीवान उर्फ डोलाराम के निकटतम वारिसानों के लिए आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत किए है। इसी तरह आग में जलने से मृत्यु होने पर सरायपाली विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम महलपारा की मृतिका ममता शर्मा के निकटतम वारिसान के लिए चार लाख रुपए आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### 50 हजार की अनुदान सहायता राशि स्वीकृत

**महासमुंद।** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुमोदन पश्चात कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कोविड-19 संक्रमण से मृत व्यक्ति के परिजन व आश्रित को 50 हजार रुपए की अनुदान सहायता राशि स्वीकृत किया है। इनमें तहसील सरायपाली के ग्राम पलसाभाड़ी निवासी जगबंधु प्रधान की मृत्यु कोविड-19 संक्रमण से होने पर उनकी पत्नी विजया प्रधान के लिए 50 हजार रुपए की अनुदान सहायता राशि स्वीकृत किया गया।

# होली का पर्व शांति व भाईचारे से मनाएं, अमन चैन रखें बरकरार

## थाने में शांति समिति की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला

होली के पावन पर्व को लेकर थाना सुहेला में शांति समिति की बैठक सोमवार को आयोजित की गई। इस बैठक में थाना प्रभारी और नायाब तहसीलदार ने क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे होली का त्योहार शांतिपूर्ण और भाईचारे के साथ मनाएं, ताकि क्षेत्र में अमन-चैन बना रहे।

उन्होंने खासतौर पर यह भी अपील की कि कोई भी व्यक्ति किसी के ऊपर जबरदस्ती रंग न लगाए और सभी लोग आपसी सद्भावना के साथ इस पर्व का आनंद लें।



### खुशी और उल्लास की प्रतीक होली

शांति समिति की बैठक में स्थानीय लोगों को यह भी समझाया गया कि होली का पर्व रंगों के साथ खुशी और उल्लास का प्रतीक है, न कि किसी प्रकार के तनाव या विवाद का। इस अवसर पर सभी से थाना प्रशासन द्वारा की गई अपील का समर्थन किया और शांति बनाए रखने का संकल्प लिया।

सुहेला थाना प्रभारी नरेश दीवान ने बताया लोगों से शांति से होली पर्व मनाने की अपील की गई है अनावश्यक डी जे ना बजाएं, तीन सवारी ना चले, आने जाने वालों को अनावश्यक गुलाल ना लगावे, अवैध रूप से शराब को रोक लगावे, समिति बनाकर गांव में कठोर कदम उठाए ताकि गांव की प्रतिष्ठा बची रहे, नए-नए सरपंचों को कोटवार के माध्यम से मुनादि करने की जानकारी दी गई शांतिपूर्वक होली मनाना है शासन द्वारा समय समय पर दिए जा रहे दिशा निर्देश का पालन करना है शांति समिति की बैठक में लगभग 30 ग्रामों के प्रतिनिधिगण शामिल हुए।

**रंगोत्सव : होली को लेकर बाजार में रंग गुलाल की बिक्री शुरू**

# होलिका दहन 13 को, पर्व को लेकर नगर का बाजार रंगों से गुलजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

होली पर्व को लेकर नगर का बाजार पूरी से गुलजार हो गया है। पुराना बस स्टैंड, तिग्गड़ा चौक सहित स्थान पर सैकड़ों की तादाद में रंग, गुलाल, पिचकारी व होली के मुखौटे नकली बाल तथा शक्कर की बनी हुई माला की बिक्री जारी है। इस बार होली नए-नए डिजाइन के पिचकारी बाजा व सिल्क गुलाल जो अलग–अलग रंगों के होते हैं बड़े पैमाने पर बिकने के लिए बाजार में उपलब्ध हैं। 14 मार्च को मनाए जाने होली पर्व के लिए चौक चौराहों में नगाड़े की थाप और फाग सुनाई देने लगी हैं। दुकानदार मुकेश देवांगन ने बताया कि अब ग्राहक नए रंग के गुलाल की मांग कर रहे हैं। उनकी मांग की ध्यान में रखकर नए रंग के लाल मंगाए गए हैं। इस बार हर्बल सिल्क गुलाल ज्यादा मात्र में मंगाए गए हैं। इसके अलावा बाजारों में कई उगह की चिरी बिक रही है। 10 से 500 रुपए तक की पिचकारी बाजार में उपलब्ध है। बंदूक, राइफल, प्रेशर, मछली फायर, त्रिशूल पिचकारी सहित विभिन्न प्रकार के डिजाइन की पिचकारी बिक रही है। होली के 1 दिन पूर्व 13 मार्च की रात होलिका दहन होगा। होलिका दहन की तैयारी में लोग जुटे हुए हैं। सुखी लकड़ियों को जगह-जगह इकट्ठा किए जा रहे हैं। नगर के मुख्य चौक-चौराहों सहित अंचलों में होलिका दहन होगा।



### होलाष्टक प्रारंभ, नहीं होंगे शुभ कार्य

7 मार्च से होलाष्टक लग गया है जो 25 मार्च को समाप्त होगा। होलाष्टक की इस अवधि में कोई भी शुभ कार्य नहीं होंगे। होलाष्टक के दौरान पूजा पाठ, तप-ध्यान करना शुभ माना जाता है। होलाष्टक में श्री हनुमान, भगवान विष्णु और नरसिंह भगवान की पूजा करने का विधान है। होलाष्टक के दौरान श्रीसूक्त पाठ और मंगल ऋण मोचन स्त्रेत का पाठ करने से कर्ज से छुटकारा मिल जाता है और सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। लेकिन होलाष्टक के दौरान किसी भी तरह के मांगलिक और शुभ कार्यों को करने की मनाही होती है। नए घर का निर्माण या फिर गृह प्रवेश नहीं किया जाता। सोना-चांदी, वाहन आदि खरीदने की भी मनाही होती है। इस दौरान नया व्यापार या फिर कोई अन्य काम की शुरुआत नहीं की जाती है। शादी-विवाह, मुंडन-छेदन सहित अन्य 16 संस्कार करने की मनाही होती है।

## होली त्योहार के लिए सज गई हैं दुकानें केमिकल मुक्त रंगों व मुखौटा की है डिमांड

**सिमगा।** अंचल में रंगो का पर्व होली 14 मार्च को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। जिसके लिए नगर के बाजार में दुकानें सज कर तैयार हो गई हैं। छोटे बच्चे एवं बड़ों लिए सभी प्रकार के समान उपलब्ध हैं जैसे विभिन्न प्रकार पिचकारी, रंग, गुलाल, नकली बाल, मुखौटे, केमिकल युक्त रंग, गुलाल, के साथ हर्बल गुलाल भी लोग खरीद रहे हैं। वहीं सिमगा पुलिस द्वारा आम नागरिकों से होली का त्योहार शांति एवं सौहार्द पूर्वक मनाने अपील किया गया है। साथ ही मुखौटा, केमिकल युक्त रंग गुलाल एवं पेंट का प्रयोग न करने की बात कहीं गई है। फिर भी बाजार में खुले आम बेधड़क ये समाने बिक रहे हैं। होली का त्यौहार दो दिन शेष है लेकिन इस बार नगाड़े भी बहुत कम बिकने आए धीरे धीरे नगाड़ा एवं फाग गीत लुप्त होते जा रहे हैं।



## अपने जन्मदिन एवं पत्नी के उपसरपंच बनने पर शिक्षक ने किया न्यौता भोज का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

समीपस्थ ग्राम ओटगन के शासकीय प्राथमिक शाला भवन में सोमवार को शिक्षक ओमप्रकाश ध्रुव ने अपने जन्म दिन के मौके पर एवं पत्नि खेमिन ध्रुव के उपसरपंच बनने पर शाला में बच्चों को न्यौता भोज कराया। बच्चों के साथ स्कूल स्टाफ एवं मध्यान्ह भोजन रसोइया ने न्यौता भोज पश्चात प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शिक्षक एवं उपसरपंच को बधाई देकर आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सरपंच हिमांशु तिवारी के साथ पंचायत के सभी पंच भी उपस्थित हुए।

## बैंक की भाटापारा शाखा ने स्कूलों को प्रदान की सामग्रियां




**भाटापारा।** आईडीबीआई बैंक भाटापारा शाखा द्वारा सीएसआर मद से भाटापारा आसपास के स्कूल शासकीय प्राथमिक शाला खोखली मे वॉटर कूलर प्युरिफ़ायर प्रदान की। इन सामग्रियां वितरण कार्य में आईडीबीआई बैंक के क्षेत्रीय प्रमुख आशीष त्रिपाठी, शाखा प्रमुख गोविंद सिंह, क्षेत्रीय कॉर्डिनेटर सैकत सेन गुप्ता एवं स्कूल के प्रधान पाठक श्रीमती शालिनी वर्मा एवं अन्य शिक्षकगण आदि उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले आवास मित्रों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

■ आवास मित्र विनोद कुमार एवं देव कुमार को मिला सम्मान

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास निर्माण में उत्कृष्ट कार्य करने वाले दो आवास मित्रों को कलेक्टर दीपक सोनी ने मंगलवार को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इनमे विकासखंड सिमगा अंतर्गत पदस्थ आवास मित्र विनोद कुमार एवं देव कुमार शामिल हैं। बताया गया कि वर्ष 2024 – 25 में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आवास पूर्ण कराने वाले जिले में बलौदाबाजार– भाटापारा प्रदेश में दूसरे स्थान पर है। जिले को 48079 आवास निर्माण का लक्ष्य मिला है जिसके विरुद्ध अब तक 38224 आवास स्वीकृत किये गये हैं । इनमे से 17668 आवास निर्माण हेतु द्वितीय किश्त की राशि जारी कर दी गई हैं एवं 7930 आवास पूर्ण हो गए हैं। कलेक्टर दीपक सोनी ने विगत दिनों प्रधानमंत्री आवास निर्माण की समीक्षा बैठक में तेजी से एवं गुणवापूर्ण आवास निर्माण कारने में उत्कृष्ट कार्य करने वाले आवास मित्रें को सम्मानित करने के निर्देश दिये थे। जिले में आवास मित्रे के द्वारा प्रधानमंत्री आवास निर्माण में हितग्राहियों को आवश्यक सहयोग किया जा रहा है ताकि जल्द से जल्द आवास निर्माण पूरा हो सके।




### होली अवकाश के कारण मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र आज करेंगे जारी

**महासमुंद।** जिला चिकित्सालय महासमुंद (वर्तमान शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संलग्न चिकित्सालय महासमुंद) में संचालित मेडिकल बोर्ड के तहत दिव्यांग प्रमाणपत्र सत्यापन/नवीनीकरण एवं नवीन दिव्यांग प्रमाणपत्र माह के प्रत्येक बुधवार को तथा मेडिकल फिटनेस प्रमाणपत्र प्रत्येक शुक्रवार को जारी किए जाते हैं। संयुक्त संचालक सह अस्पताल अधीक्षक ने बताया कि होली पर्व के अवसर पर शुक्रवार 14 मार्च 2025 को सार्वजनिक अवकाश होने के कारण मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र जारी करने की तिथि में परिवर्तन किया गया है। अब मेडिकल फिटनेस प्रमाणपत्र बुधवार 12 मार्च 2025 को दिव्यांग प्रमाणपत्र जारी करने के साथ ही बनाए जाएंगे। उन्होंने संबंधित हितग्राहियों से अनुरोध करते हुए कहा है कि वे निर्धारित तिथि पर उपस्थित होकर प्रमाणपत्र प्राप्त करें।

## तृतीय त्रैमासिक स्वास्थ्य और जागरुकता शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

मंगलवार को आयुष ग्राम रसेड़ी द्वारा ग्राम मुसवाठोढ़ी में आयोजित तृतीय त्रैमासिक स्वास्थ्य एवं जागरूकता शिविर में भगवान धन्वतरी की छायाचित्र की पूजा कर शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर प्रभारी डॉ. एल.एस. धुरव, डॉ. देवेन्द्र कुमार भैना, डॉ. विवेक कुमार वर्मा डॉ. अर्चना अग्रवाल, काशी राम ध्रुव प्रधान पाठक, अर्चना घृतलहरे सरपंच, धिरेन्द्र घृतलहरे, नरेश कुमार निषाद, राजे बाई निषाद, बेद बाई घृतलहरे , लक्ष्मण कुमार वर्मा, सीताराम साण्डे, सावित्री योगी, गणेश राम साहू, योगेन्द्र कुमार गेंडरे, सुशील कुमार जायसवाल, दिनेश कुमार निर्मलकर, रामकरण कन्नौजे, विरेन्द्र कुमार पैकरा, दिलेश्वरी जांगड़े, गौरी बाई निषाद, रवि कुमार निषाद, रमेश कुमार यादव, मिलन कुमार निषाद, छनाकुमार निषाद, बुधराम निषाद, कांशी राम निषाद, लखन लाल निषाद, जीवन लाल निषाद, चित्ररेखा निषाद, ज्ञानी ध्रुव, आदि उपस्थित थे। जिसमें 210 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।



**सावित्री बाई फुले के जीवन संघर्ष, उनके त्याग व समाज के लिए समर्पण की सुनाई गई कहानी**

## सावित्री बाई फुले की पुण्यतिथि के साथ में महिला दिवस पर कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

माता सावित्री बाई फूले की पुण्यतिथि तथा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस अवसर पर सावित्री बाई फुले के जीवन संघर्ष उनके त्याग और समाज के लिए समर्पण को सभी महिलाओं को बताया गया। उनके द्वारा प्रथम महिलाओं के लिए स्कूल की व्यवस्था, हॉस्टल की व्यवस्था, पुनः विवाह और विधवा विवाह के लिए काम ऐसे तमाम कामों को याद किया गया साथ ही साथ सभी महिलाओं के द्वारा ग्राम विकास को लेकर भी जन जागरूकता कार्यक्रम की रूप रेखा तैयार किया गया जिसमें नशा मुक्ति के लिए समाज को जागरूक करने का काम तथा ग्राम पंचायत में शराब बंदी का काम किया जाना है जिसमें सभी लोगों ने बढ़ चढ़कर अपनी सहमति दी है। महिलाओं ने मिलकर अपनी क्लस्टर दीदियों का सम्मान किया गया। ये दीदियाँ न सिर्फ स्वयं सहायता समूहों की रीढ़ हैं, बल्कि वे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में भी अहम भूमिका निभा रही हैं। इनकी मेहनत, समर्पण और नेतृत्व ने अनेक महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दी है। चाहे वो आजीविका से जुड़ी गतिविधियाँ हों, प्रशिक्षण कार्यक्रम हों या समुदाय में नेतृत्व की भूमिका— क्लस्टर दीदियों ने हर कदम पर मिसाल कायम की है।




### इनका रहा योगदान

मंजू गायकवाड जिला समन्वयक पीएचई करिश्मा गायकवाड उर्मिला मोंगरा सावित्री निर्मला दुलावरीन कुर्रे सुशीला मन्वंतीन जयंती प्रीति राजकुमारी भारती वर्मा मुनिया साहू उतरा पैकरा चंद्रा वर्मा पुष्पा बांधे कमला गायकवाड और ग्राम की बहुत सारी दीदियों का विशेष योगदान रहा।

